
मिशन शिक्षण संवाद



# काव्यरूप गणित 2




निर्माण - भावना शर्मा (प्र०अ०)
प्रा०वि०नारंगपुर परीक्षितगढ़,
जनपद - मेरठ

Scanned by CamScanner

मिशन शिक्षण संवाद
बेसिक काव्य सृजन

# गणित (2)

इकाईयाँ और दहाईयाँ

## पाठ (1) संख्याएं

आओ बच्चों खेले खेल,
बंडल तीली का करेंगे मेल।
एक तीली होती है इकाई,
दस तीली से बनती दहाई।।
दस तीली का साथ जो होता,
तो वह दहाई का बंडल होता।
दस दहाई से बनता सैकड़ा,
चलो दोहराएँ जो है पढ़ा।।


24

| दहाई | इकाई |
|---|---|
| 2 | 4 |

20 + 4 = 24



6 दहाई    9 इकाई



60 + 9 = 69

## पाठ (1) स्थानीय मान

देखो बच्चों जहाँ खड़े हम,
वह हमारा स्थान होता।
जो संख्या जहाँ है होती,
वह उस का स्थानीय मान होता।।
अपनी बाई तरफ से देखो,
सबसे पहले होती इकाई।
दूसरे नम्बर पर जो आती,
उसको कहते हैं दहाई।।
अरे!जरा देखो वह आया,
वह आया केकड़ा।
तीसरे नम्बर की संख्या को,
बच्चों कहते हैं सैकड़ा।।

300
60
4 → 364
स्थानीय मान

सैकड़ा 2 — 200
दहाई 1 — 10
इकाइयाँ 2 — 2

3334 में 3 के स्थानीय मान –
30
300
3000
योगफल = 3330



Scanned by CamScanner

## पाठ(2) बड़ी व छोटी संख्याएं भाग -1










आओ बच्चों तुम्हें बताएँ,
छोटी व बड़ी संख्याएँ समझाएँ।
जो संख्या कम है होती,
वह होती है छोटी।
जो संख्या ज्यादा है होती,
वह होती है बड़ी।।
इनका होता है जो निशान,
चिड़िया की चोंच के समान।
जो भी संख्या बड़ी होती,
उधर ही चिड़िया की चोंच खुलती।।

## पाठ(2) आरोही व आरोही भाग-2

बच्चों तुम्हें बताते हैं।
आरोही व अवरोही क्रम समझाते हैं।।
जब कोई संख्या बढ़ती जैसे,
एक, दो, तीन, चार।
वह कहलाता है उसका,
आरोही क्रम हर बार।।
जब कोई संख्या घटती है जैसे,
पाँच, चार, तीन, दो।
तब तुम उसको,
अवरोही क्रम नाम दो।।









Scanned by CamScanner

## पाठ(3) जोड़ की संक्रिया

आओ बच्चों तुम्हें बताएँ,
जोड़ की संक्रिया समझाएँ।
होता क्या है जोड़ना,
चलो हम तुम्हें बताएँ।।
दो संख्याओ के मेल को,
कहते है हम जोड़।
जब दो चीजें जुड़ती है,
कोई सके ना तोड़।।
इकाई को इकाई से जोड़ें,
और दहाई से दहाई।
सैकड़े से जुड़ता है सैकड़ा,
यह बात समझ में आई।।




11 + 2 = 13

$$\begin{array}{r} 2942 \\ +\,1056 \\ \hline 3998 \end{array}$$

① ①

$$\begin{array}{r} 6075 \\ +\,3146 \\ \hline 9221 \end{array}$$


| | | |
|---|---|---|
| गाँव में पुरुषों की संख्या | = | 2563 |
| गाँव में महिलाओं की संख्या | = | 2304 |
| गाँव में बच्चों की संख्या | = | + 872 |
| **गाँव की कुल जनसंख्या** | = | 5739 |



Scanned by CamScanner

# पाठ (4) बिंदिया की दुकान - घटाओ

बच्चों कोई रूठ जाए तो,
पड़ता है उसको मनाना।
चलो आओ हम सीखेंगे,
हासिल का घटाना।।
इकाई में से इकाई घटाते,
दहाई में से दहाई।
पर जब नीचे हो बड़ी संख्या,
तो बारी उधार की आई।।
दहाई में से लेते हैं,
एक दहाई उधार।
फिर उसको घटा,
देते हैं हर बार।।




9 - 4 = 5

$$\begin{array}{r} 8808 \\ -\ 5303 \\ \hline 3505 \end{array}$$

(4) (11) (11)

$$\begin{array}{r} 8521 \\ -\ 7372 \\ \hline 1149 \end{array}$$

(5) (12)

| | | |
|---|---|---|
| विद्यालय की आय = | 3624 | रुपए |
| क्रय किया गया सामान = | − 2540 | रुपए |
| अतः वास्तविक आय = | 1084 | रुपए |

उत्तर

RBSESolutions.com




Scanned by CamScanner

## पाठ (5) कौन, कितनी बार → गुणा

आओ हम पूरा करें,
जो सपना हमने चुना।
बार-बार जोड़ने को,
कहते हैं गुणा।।
कितनी चीजें कितनी बार,
यही है गुणा का आधार।
गुणा का होता है (×)यह निशान,
इसकी कर लो तुम पहचान।।
जैसे चार रसगुल्ले चार बारी।
मिलकर हो गए सोलह सारे।।

*एक पंक्ति में चार व्यक्ति तो तीन पंक्तियों में कुल कितने व्यक्ति होंगे?*



$4+4+4=12$

$4\times3=12$

$6+6+6+6=24$

यहाँ 6 संख्या 4 बार आई है। अर्थात बार बार के जोड़ को 1 बार के गुणा के रूप में

$6\times4=24$



$3\times4=12$



Scanned by CamScanner

# पाठ (6) बराबर बाँटना - 'भाग'



चार बच्चों को देनी है,
हमको आठ मिठाई।
बाँटे कैसे उनको बराबर,
बात समझ ना आयी।।

पहले उनको एक-एक देंगे,
फिर देंगे हम दूजी।
ऐसे उनको बाटेंगे,
आए सभी पर बराबर जी।।

बार-बार घटाना ही,
भाग कहलाता है।
बच्चों क्या तुमको,
यह समझ में आता है।।

भाज्य
भाजक → 2 ) 6 ( 3 ← भागफल
6
शेषफल → 0

भाज्य
भाजक 5 ) 17 ( 3 भागफल
-15
02 शेषफल

$17 = 5 \times 3 + 2$

भाज्य = भाजक x भागफल + शेषफल



Scanned by CamScanner

## पाठ(7) आकृति व आकार

प्यारे बच्चों हो जाओ,

एक खेल के लिए तैयार।

हम बताते हैं तुमको,

वस्तुओं का आकार।।

गेंद के जैसी गोल वस्तु,

होती है गोलाकार।

माचिस के जैसे को,

कहते हैं घनाभाकार।।

बेलन जैसी वस्तुओं को,


कहते हैं बेलनाकार।

जो होती है कोन के जैसी,


उनको कहते शंक्वाकार।।



गोल




घन-घनाभ



बेलन



शंकु



Scanned by CamScanner

# पाठ (8) रेखा

## भाग - 1

दो बिंदुओं को मेल कराती,
उसको कहते हैं रेखा।
बच्चों चलो बनाते हैं,
विभिन्न नाप की रेखा।।
कोई निश्चित नाप ना रेखा की,
अनन्त इसका विस्तार।
रेखाखण्ड होता है निश्चित,
सीमित इसका सार।।

रेखा-खण्ड

## भाग - 2

तीन कोनो से घिरी आकृति,
बच्चों त्रिभुज कहलाती है।
मिलाते हैं जब तीन कोनो को,
यह स्वयं बन जाती है।।
आमने सामने की भुजा बराबर,
यह आयत कहलाता है।
चारों भुजाएं यदि हो बराबर,
तो वर्ग बन जाता है।।
सिक्के जैसी गोल आकृति,
बच्चों वृत्त कहलाती है।
देखो अगर रोटी को तो,
सही समझ में आती है।।






Scanned by CamScanner

# पाठ (9) पैटर्न

बच्चों यदि हो पैटर्न करना,

तो ध्यान से पड़ेगा उसको समझना।

कितना और कैसा अन्तर है,

देना होगा ध्यान।

तभी कर सकेंगे पूरा,

पैटर्न का मान।।

जैसे और कितना अन्तर हो,

वैसा ही आगे बढ़ाओ।

इसी तरह से पैटर्न को,


पूरा करते जाओ।।


इस पैटर्न को देखो।



इस पैटर्न का नियम है : 45° का घुमाव हर बार। अगला क्या होना चाहिए? सही (✓) का निशान लगाओ।






| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | B | A | B | A | B | A | |

5 10 15 20 25 30 ___ ___ ___

2, 4, 6, 8, ☐

○ 8 ○ 10

○ 9 ○ 11



Scanned by CamScanner

## पाठ (10) गोलू का पिग्गी बैंक



धातु के रुपए को,

सिक्के कहते हैं।





कागज के रुपए,

को नोट कहते हैं।।

दो-दो रूपये के पाँच सिक्कों से,



बनता है दस का नोट।

दस-दस रूपये के दस नोट,



से बनता है सौ का नोट।।

पाँच-पाँच रूपये के चार नोट से,

बनता है बीस का नोट।

बीस-बीस के पाँच नोट से,



बनता है सौ का नोट।।



Scanned by CamScanner

## पाठ (11) मापन

कौन कितना लम्बा है,
यदि है यह जानना।
तो हमको होगा,
उसकी लंबाई मापना।।
मापते हैं जिस इकाई से,
वह होती है मीटर।
उसके छोटे रूप को,
कहते हैं सेंटीमीटर।।
आओ बच्चों करते हैं,
सब चीजों की माप।
बताओ मुझको अब,
इस दीवार की नाप।।








## पाठ (12) बड़की का रिबन


रितु और बड़की,
थी बहने दो।
बाजार जा कर लायी,
दो रिबन वो।।
माँ बोली रिबन है कितना,
वह बोली जोड़ो है उतना।
इसका तीन है मेरा पाँच,
मिलकर हो गए दोनों आठ।।
माँ बोली अब,
ध्यान दो इधर।
लम्बाई का माप,
है मीटर।।





Scanned by CamScanner

## पाठ (13) कितना भारी



बच्चों कर लो तुम,

अपनी पूरी तैयारी।


बताओ कैसे मापोगे,

कौन हल्का कौन भारी।।




वजन को जिससे नापते हैं,

वह इकाई है ग्राम।




एक हजार ग्राम से मिलकर,

बनता एक किलोग्राम।।




वजन का ही दूसरा नाम,

होता है बच्चों भार।

किलोग्राम से मापा जाता,


है इसे बार-बार।।





Scanned by CamScanner

## पाठ (14) लोटा भर-भर भरें बाल्टी




वजन मापने की इकाई है किलोग्राम,

लम्बाई मापने की है मीटर।

ऐसे ही तरल पदार्थों की,

माप करता है लीटर।।

जितने-जितने पानी से,

है कोई बर्तन भरता।

उसको कहते है,

उस बर्तन की धारिता।।





धारिता की मानक इकाई,

होती है लीटर।

इसके छोटे रूप को,

कहते हैं मिलीलीटर।।





Scanned by CamScanner

# पाठ (15) कैलेण्डर

दिन, महीने, तिथियों का,

जो रखता है हिसाब।

नाम है उसका कैलेण्डर,

कहते हैं हम आज।।

साल में होते कितने महीने,

और महीने में कितने दिन।

कैलेण्डर रखता है,

हिसाब सबका गिन-गिन।।

किन महीनों में दिन इकतीस

और कितने में तीस।

कौन सा महीना होता है,

जिसमें दिन होते अट्ठाईस।।

## 2021

**January**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

**February**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | | | | | | |

**March**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

**April**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | |

**May**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

**June**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |

**July**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

**August**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

**September**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

**October**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

**November**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

**December**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |






Scanned by CamScanner